प्रेषक,

निदेशक,
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः 16/कैम्प का0/नि0हो0/2020–21 दिनांकः 14 अप्रैल, 2020

विषयः– समस्त आयुष/होम्योपैथिक चिकित्सा कार्मिकों का igot प्लेटफार्म पर पंजीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समस्त आयुष/होम्योपैथिक कार्मिकों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित IGOT वेब पोर्टल (igot.gov.in) अथवा Diksha app पर पंजीकरण कर कोविड–19 से संबंधी प्रशिक्षण करने के निर्देश दिये गए हैं।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप स्वयं व अपने अधीनस्थ समस्त चिकित्सा कार्मिकों (चिकित्सक व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ) को जनपद के मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से 02 कार्यदिवस के भीतर https://igot.gov.in वेब पोर्टल अथवा Diksha app पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाकर, निदेशालय को अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही पंजीकरण उपरान्त सभी होम्योपैथिक चिकित्सा कार्मिकों को ऑनलाइन कोर्स की संलग्न सूची अनुसार स्वयं से ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

पंजीकरण विधि जानने हेतु निम्न You Tube लिंक की मदद ली जा सकती है:–

https://youtu.be/m5MnLB1_MPk

संलग्नः उक्तानुसार।

भवदीय,

(डा0 राजेन्द्र सिंह)
निदेशक,

पत्रांकः /कैम्प का0/नि0हो0/2020–21, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, आयुष एवं आयुष शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
2. रजिस्ट्रार, होम्योपैथिक मेडिसन बोर्ड, उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ को उक्तानुसार igot वेब–पोर्टल पर पंजीकरण कर प्रशिक्षण लिए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. समस्त मास्टर ट्रेनर्स को उक्तानुसार अनुपालनार्थ।

(डा0 राजेन्द्र सिंह)
निदेशक।